

पहला ही टी20 इंटरनैशनल

सबसे खास बात यह है कि अंजलि का यह पहला ही टी20 इंटरनैशनल मैच रहा। नेपाल ने इस मुकाबले को 115 गेंद शेष रहते 10 विकेट से जीता। अंजलि प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इस टूर्नमेंट में नेपाल, मालदीव, बांग्लादेश और श्रीलंका की टीमें खेल रही हैं। 4 टीमों में से सर्वश्रेष्ठ 2 टीमें राउंड रोबिन चरण के बाद गोल्ड मेडल मैच में आमने–सामने होंगी।

## नेपाल की अंजलि का कमाल, बिना कोई रन दिए झटके 6 विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नेपाल की अंजलि चंद ने सोमवार को इतिहास रचते हुए साउथ एशियन गेम्स के महिला क्रिकेट मुकाबले में बिना कोई रन दिए 6 विकेट झटक लिए। अंजलि ने नेपाल के पोखरा में खेले गए इस मुकाबले में मालदीव महिला टीम के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। साउथ एशियन गेम्स की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का यह पहला ही मुकाबला था जिसमें अंजलि ने इतिहास रचा। नेपाल ने मालदीव की महिला टीम को मात्र 16 रन पर ढेर कर दिया जिसके बाद मात्र 5 गेंदों में बिना कोई विकेट खोए 17 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल टीम के लिए ओपनर काजल श्रेष्ठ ने 13 रन बनाए जबकि अतिरिक्त 4 रन भी मिले। अंजलि ने इसी के साथ इतिहास रच दिया और उनके नाम इंटरनैशनल क्रिकेट (पुरुष और महिला) का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा दर्ज हो गया। उनसे पहले मालदीव की मास एलिसा ने चीन के खिलाफ इसी साल 3 रन देकर 6 विकेट झटके थे। पुरुष क्रिकेट में भारत की दीपक चाहर के नाम सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा दर्ज है जिन्होंने इसी साल 10 नवंबर को बांग्लादेश के खिलाफ 7 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

# ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दूसरी बार पाक को पारी से हराया

क्रिकेट

## डेविड वॉर्नर ने ऐडिलेड टेस्ट मैच में खेली 335 रन की नाबाद पारी

लारा ने दो बार सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर का रेकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऐडिलेड। ऑस्ट्रेलिया ने यहां ऐडिलेड ओवल मैदान पर खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में सोमवार को पाकिस्तान को पारी और 48 रनों से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2–0 से क्लीन स्वीप हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी 3 विकेट पर 589 रन बनाकर घोषित कर दी थी।

इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम यासिर शाह के शतक के बावजूद अपनी पहली पारी में 302 रन पर ऑलआउट हो गई और उसे मेजबान टीम के खिलाफ फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा था। फॉलोऑन खेलने के



बावजूद पाकिस्तान की टीम सोमवार को मैच के चौथे दिन 239 रन पर ऑलआउट हो गई और उसे पारी और 48 रन से हार का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान के लिए दूसरी पारी में शान मसूद ने 68, असद शफीक ने 57 और मोहम्मद रिजवान ने 45 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन लियोन ने 5 और जोश हेजलवुड ने 3 विकेट चटकाए, जबकि मिशेल स्टार्क को एक विकेट मिला। मैच में रेकॉर्ड नाबाद 335 रनों की पारी खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

**डेविड वहर्नर को बधाई देने की तैयारी कर रहा थाः लारा**

ऐडिलेड। दुनिया के महान बल्लेबाजों में शुमार वेस्ट इंडीज के ब्रायन लारा को लगा था कि डेविड वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का उनका रेकॉर्ड तोड़ देंगे और इसके लिए उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपनर को बधाई देने की तैयारी कर ली थी। लारा ने कहा कि जब उन्होंने अपने हमवतन गैरी सोबर्स का रेकॉर्ड तोड़ा था तो उन्होंने भी इस विंडीज दिग्गज को बधाई दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने पिंक बॉल से खेले गए इस टेस्ट मैच को चौथे ही दिन सोमवार को पारी और 48 रन से जीता।

लारा ने दो बार सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर का रेकॉर्ड तोड़ा। पहले उन्होंने 1994 में इंग्लैंड के खिलाफ 375 रन बनाकर सोबर्स के 365 रन के 36 साल पुराने रेकॉर्ड को तोड़ा। इसके बाद 2004 में उन्होंने अपने ही रेकॉर्ड में सुधार करते हुए नाबाद 400 रन बनाए थे। वॉर्नर ने शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 335 रन की पारी खेली। वह लारा के रेकॉर्ड की ओर बढ़ रहे थे लेकिन कप्तान टिम पेन ने पारी घोषित कर दी।

# ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में सिर्फ टीम इंडिया ही दे सकती है मातः माइकल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पाकिस्तान को दो टेस्ट की सीरीज में 2–0 से दी मात

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई टीम इन दिनों शानदार क्रिकेट खेल रही है। सोमवार को कंगारू टीम ने अपने घर पर पाकिस्तान को 2 टेस्ट की सीरीज में 2–0 से रौंद दिया। इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि मौजूदा कंगारू टीम को उसके घर में हराना सभी टीमों के बस की बात नहीं है। फिलहाल उसे सिर्फ टीम इंडिया ही उसके घर पर मात दे सकती है।

माइकल वॉन ने आज पाकिस्तान की हार के बाद ट्वीट किया, ऑस्ट्रेलिया की यह टीम इन परिस्थितियों में कइयों को हराने जा रही है... सिर्फ टीम इंडिया के पास ही वह अस्त्र हैं, जो इन परिस्थितियों में उसे मात दे सकती है।

ऐडिलेड में खेले गया दूसरा टेस्ट डे–नाइट टेस्ट था। इस मैच में कंगारू टीम ने मेहमान पाकिस्तान को पारी और 48 रन से शिकस्त दी। इस टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करते हुए कंगारुओं ने 3 विकेट के नुकसान पर 589 रन बनाकर पहली पारी घोषित की। इस दौरान डेविड वॉर्नर ने नाबाद 335 और मार्नस लाबुशेन ने 162 रन का शानदार योगदान दिया।

इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम अपनी दोनों पारियों में भी ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के स्कोर की बराबरी नहीं कर पाई। माइकल स्टार्क, नाथन लियोन, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की घातक बोलिंग के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाज पस्त नजर आए।

कंगारू टीम में एक साल के बैन के बाद जबसे स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर की वापसी हुई है तभी से कंगारू टीम जीत की पटरी पर लौट आई है। दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी के बाद ऑस्ट्रेलिया ने पहले एशेज का खिताब अपने पास सुरक्षित रखा और अब पाकिस्तान को अपने घर में 2–0 से करारी शिकस्त दी है। वॉर्नर, स्मिथ की वापसी के साथ–साथ कंगारू टीम में मार्नस लाबुशेन भी बड़ी–बड़ी पारी खेल रहे हैं। इसके अलावा स्टार्क, हेजलवुड, कमिंस और लियोन की बोलिंग भी घातक हो चुकी है।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान, प्रियम गर्ग को कमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। यूपी के बल्लेबाज प्रियम गर्ग साउथ अफ्रीका में अगले साल होने वाले आईसीसी अंडर–19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में गत चौंपियन भारतीय टीम की कप्तानी संभालेंगे। अखिल भारतीय जूनियर चयन समिति ने रविवार को यहां बैठक करने के बाद 17 जनवरी से नौ फरवरी तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया। दायें हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गर्ग के नाम पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दोहरा शतक और लिस्ट ए में शतक दर्ज है। गर्ग भारत सी टीम का भी हिस्सा थे जो पिछले महीने देवधर ट्रॉफी में उप विजेता रही। उन्होंने फाइनल में भारत बी के खिलाफ 74 रन की पारी खेली। अंडर–19 विश्व कप का 13वां टूर्नामेंट 16 टीमों के बीच खेले जाएगा जिन्हें चार समूहों में बांटा गया है। भारत को ग्रुप ए में पहली बार क्वॉलिफाइ करने वाले जापान, न्यू जीलैंड और श्रीलंका के साथ रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर लीग चरण के लिए क्वॉलिफाइ करेंगी। भारत इस टूर्नमेंट की सबसे सफल टीम है जिसने 2018 में पिछले खिताब सहित कुल चार बार प्रतियोगिता जीती है।

## न्यूज डायरी



### क्रिकेटर मनीष पांडे ने अश्रिता शेट्टी से की शादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के मिडल ऑर्डर बल्लेबाज और कर्नाटक के कप्तान मनीष पांडे ने सोमवार को एक नई पारी की शुरुआत की। रविवार को अपनी कप्तानी में कर्नाटक को सैयद मुश्ताक अली टी20 चौंपियन बनाने वाले मनीष ने सोमवार को अपनी प्रेमिका अश्रिता शेट्टी से शादी कर ली। मनीष इन दिनों घरेलू और इंटरनैशनल दोनों स्तर पर लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। इस बिजी शेड्यूल में ही उन्होंने अपनी शादी के लिए भी समय निकाला। इस शादी में दोनों (मनीष और अश्रिता) के सिर्फ करीबी दोस्त और रिश्तेदार ही शामिल हुए। बता दें रविवार रात ही मनीष सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रोफी के खिताबी मुकाबले में तमिलनाडु के खिलाफ सूरत में खेल रहे थे और फिर वह शादी के लिए मुंबई पहुंचे और आज अश्रिता को अपनी जीवनसंगनी बनाया।

### ऐडिलेड टेस्ट में स्मिथ के फील्डिंग सजाने से चैपल नाराज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऐडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चौपल को लगता है कि स्टीव स्मिथ ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण सजाने का प्रयास करके मौजूदा कप्तान टिम पेन की भूमिका को कमतर किया है। पिछले साल गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में नाम आने से पहले स्मिथ टीम के कप्तान थे लेकिन इसके बाद उन्हें प्रतिबंधित किया गया और उन्होंने कप्तानी गंवा दी। चौपल ने कहा कि स्मिथ को फील्डिंग सजाने में उतना शामिल नहीं होना चाहिए था, जितना वे सोमवार को हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को पाकिस्तान को पारी और 48 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 2–0 से क्लीनस्वीप किया। चौपल ने मैक्वायरी स्पोर्ट्स रेडियो से कहा, मैं आपको बता दूं कि मुझे स्मिथ का कुछ क्षेत्ररक्षकों को निर्देश देना पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा, उन्होंने टिम पेन के साथ बात की, ऑफ साइड में क्षेत्ररक्षक की जगह बदलने के लिए उन्होंने टिम पेन से बात करने का प्रयास किया लेकिन मैं तैयार नहीं हूं कि टिम पेन ने उनकी जगह उतनी बदली जितनी स्टीव स्मिथ चाहते थे।

### अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता मुक्केबाज नीरज डोप टेस्ट में नाकाम रहने पर निलंबित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक 2020 के संभावितों में से एक अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता भारतीय महिला मुक्केबाज नीरज (57 किलो) को डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया गया है । नीरज को प्रदर्शन बेहतर करने वाली दवा लिगांड्रोल और अन्य एनाबालिक स्टेरायड के सेवन का दोषी पाया गया। नीरज ने बुल्गारिया में इस साल स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में कांस्य और रूस में एक टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था। उसने गुवाहाटी में इंडिया ओपन में भी स्वर्ण पदक जीता था। नीरज के नमूने 24 सितंबर को लिये गए जिनकी जांच कतर में लैब में की गई।

### वॉलीबॉल में भारत–पाकिस्तान के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू (नेपाल)। गत चौंपियन भारत और पाकिस्तान ने 13वें साउथ एशियन गेम्स (सैग) की मेंस वॉलीबॉल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। दोनों के बीच खिताबी मुकाबला मंगलवार को खेजा जाएगा। भारत ने श्रीलंका को 27–25, 25–19, 21–25, 25–21 से जबकि पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 25–15, 25–21, 26–24 से हराया।

भारत महिला वर्ग में भी गत चौंपियन है और मंगलवार को ही खिताबी मुकाबले में उसका सामना मेजबान नेपाल से होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम ने मालदीव को हराया।

मौजूदा चौंपियन भारतीय खो खो टीम ने ने विजयी शुरुआत की है। भारत ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 13 अंकों से हराया। मेंस टीम को आज दो मैच खेलने हैं। सुबह के सत्र में भारत का सामना मेजबान नेपाल से होगा जबकि इसके बाद उसे बांग्लादेश से भिड़ना है। स्पर्धा का सेमीफाइनल मंगलवार को जबकि फाइनल बुधवार को खेला जाएगा।